03.09.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ प्रदेश में कोचिंग संस्थानों की मनमानी पर रोक लगाने वाला कोचिंग सेंटर नियंत्रण और विनियमन विधेयक विधानसभा में पारित।

○ चिकित्सा विभाग और प्राइवेट अस्पताल प्रतिनिधियों के बीच हुई वार्ता के बाद आरजीएचएस सेवाएं फिर से बहाल।

○ प्रदेश में लगातार जारी बारिश से कई जगह जलभराव की स्थिति–बड़ा आबादी क्षेत्र प्रभावित।

○ सुसमा अभियान के तहत राज्य के 19 जिलों के ढाई लाख विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एम्बेसेडर बनाया जा रहा है।

000

राज्य विधानसभा में आज कोचिंग सेंटर नियंत्रण और विनियमन विधेयक पारित कर दिया गया। उपमुख्यमंत्री और उच्च तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने विधेयक सदन में रखा। इस विधेयक के पारित होने के बाद अब कोचिंग संस्थान विद्यार्थियों से मनमानी फीस वसूल नहीं कर पाएंगे और नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। डॉ. बैरवा ने एक सवाल के जवाब में सदन में कहा कि राज्य में जल्द ही मोटर व्हीकल एग्रीगेटर पॉलिसी लाई जाएगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से हाल ही में जारी की गई गाइड लाइन के मुताबिक राज्य सरकार इस पॉलिसी पर काम कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश के लाइसेंसशुदा एग्रीगेटर्स से मिली सूचना के अनुसार पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए कैब कम्पनियों का जिलेवार विवरण भी बताया। विधानसभा में राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2025 भी पास हुआ। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इससे चिकित्सा सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए जाएंगे।

000

विधानसभा में आज स्मार्ट मीटर को लेकर जोरदार हंगामा हुआ।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज कृषि, बागवानी, पशुपालन और गौपालन विभाग की समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने लंबित बजट घोषणाओं के बारे में दिशा–निर्देश दिये। इस दौरान श्री शर्मा ने राजस्थान किसान आयोग का अंतरिम प्रतिवेदन जारी किया।

000

प्रदेश की 12 कृषि मण्डी समितियों में 43 करोड़ 87 लाख रुपये से अधिक की राशि से विकास कार्य करवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस संबंध में मंजूरी दे दी है। इसके तहत, सोजत सिटी, चौहटन, डीडवाना, जैतारण, बड़ी सादड़ी, डग, बालोतरा, केशोरायपाटन, हिंडौन और भगत की कोठी तथा अजमेर की फल सब्जी और अनाज मण्डी समितियों में ये राशि अगले तीन सालों में खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही झालरापाटन, जालोर, सीकर सहित नौ मण्डियों के लिए लगभग 26 करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं। इससे मण्डियों में बिजली संबंधी काम, यार्ड और सम्पर्क सड़कों का निर्माण करवाया जा सकेगा।

000

प्रदेश में निजी अस्पतालों में आरजीएचएस सेवाएं फिर से बहाल हो गई हैं। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव तथा आरएसएचएए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिकित्सा क्षेत्र के प्रतिनिधियों की बैठक के बाद आरजीएचएस लाभार्थियों को दी जाने

वाली कैशलेस सेवाएं फिर से पहले की तरह चालू हो गई हैं। गौरतलब है कि 25 अगस्त से निजी अस्पतालों ने इन सेवाओं को बंद कर दिया था। इससे राज्य के लाखों कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को निजी चिकित्सालयों में इलाज नहीं मिल रहा था और काफी परेशानी हो रही थी।
विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि आज सुबह आरजीएचएस में सूचीबद्ध अस्पतालों के प्रतिनिधियों के साथ हुई चर्चा के बाद सभी अस्पतालों ने अपनी सेवाएं फिर शुरू करने की सहमति दी।

000

राजस्थान स्टेट हेल्थ इंश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरजीलाल अटल ने बताया कि निजी अस्पतालों के बकाया भुगतान की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। इसके साथ ही सीजीएचएस के अनुसार आरजीएचएस दरों में संशोधन के लिए परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के विभिन्न नियमों में आवश्यक सुधार के लिए एक संयुक्त समिति गठित की जा चुकी है। समिति के सुझावों के अनुसार योजना में नीतिगत बदलाव किये जाएंगे।

000

प्रदेश में अगले तीन–चार दिन कोटा, उदयपुर, भरतपुर, अजमेर और जयपुर संभाग के कुछ भागों में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने अनेक स्थानों पर मध्यम से तेज बरसात के आसार जताए हैं। जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में 5 सितम्बर से बारिश की गतिविधियों में बढोतरी हो सकती है। इस बीच, आज भी कई स्थानों पर बारिश का दौर चला। पाली, सवाईमाधोपुर, करौली, बांसवाड़ा, राजधानी जयपुर सहित कई जगह बारिश हुई। वहीं कोटा जिले के कनवास और आस–पास के क्षेत्र में कल से हो रही बारिश से अरू नदी उफान पर है। हमारे संवाददाता ने बताया कि कनवास में उपजे बाढ़ के हालात से कई रास्ते बंद हो गये हैं।

000

सवाईमाधोपुर और आस–पास के इलाकों में आज रुक–रुक कर मध्यम और तेज बारिश हुई। पाली में दोपहर बाद तेज बरसात हुई। जिले का हेमावास बांध का लीकेज ठीक कर दिया गया है। सलूम्बर में रिमझिम बारिश का दौर चला।
प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से कई स्थानों पर जल भराव की स्थिति बनी हुई है। इससे काफी बड़ा आबादी क्षेत्र प्रभावित हो रहा है। प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीमें स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। राजधानी जयपुर में जिला कलेक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी ने जरूरत के हिसाब से नागरिक सुरक्षा स्वंयसेवकों की तैनाती के निर्देश दिये हैं।
उन्होंने अधिकारियों को फील्ड में जाकर स्थिति का आंकलन करने और राहत के लिए संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में सेमीकॉन इंडिया 2025 के दूसरे दिन सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विशेषज्ञों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और सेमीकंडक्टर संबंधी विभिन्न उत्पादों और परियोजनाओं को देखा। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव भी प्रधानमंत्री के साथ मौजूद रहे। श्री मोदी ने सेमीकॉन इंडिया के सीईओ गोलमेज सम्मेलन में भी भाग लिया। इसमें दुनिया भर से उद्योग जगत के दिग्गज शामिल हुए। इस सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में भारत को एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में स्थापित करना है।

000

जीएसटी परिषद की बैठक नई दिल्ली में जारी है। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण इस बैठक की अध्यक्षता कर रही हैं। दो दिन की इस बैठक का मुख्य एजेंडा टैक्स स्लैब में बड़ा बदलाव करना है। इसके साथ ही मौजूदा चार कर स्लैब की व्यवस्था को समाप्त कर दो स्लैब्स करना है। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी और कई राज्यों के मुख्यमंत्री बैठक में हिस्सा ले रहे हैं।

000

देश में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और शहरी सम्पर्क में सुधार करने पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। इस संबंध में केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आज नई दिल्ली में आयोजित परामर्श कार्यशाला में शामिल हुए। इसमें परिवहन इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। इसमें शहरी क्षेत्रों में भीड़-भाड़ काम करने के लिए रिंग रोड़ और बाइपास के निर्माण पर चर्चा की गई। इससे शहरी क्षेत्रों के नियोजित विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही कनेक्टिविटि में भी सुधार होगा। बैठक में केन्द्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा, हर्ष मल्होत्रा, मंत्रालय के आला अधिकारी और नगर आयुक्त शामिल हुए।

000

प्रदेश में चल रहे सुरक्षित सड़क मार्ग-सुसमा अभियान के तहत विद्यार्थियों को जागरुक किया जा रहा है। 11 अगस्त से शुरू हुआ ये अभियान 15 सितम्बर तक चलेगा।

000

सुसमा अभियान की ये पहल विद्यार्थियों को एक ज़िम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेंगी।

000

उत्तर क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक 11 सितम्बर को होगी। ये बैठक फरीदाबाद के सूरजकुंड में होगी। गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में राजस्थान सहित आठ राज्यों के मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल तथा मुख्य सचिव शिरकत करेंगे।

000

केन्द्रीय जनजातीय कार्यमंत्री जुएल ओराम का कल कोटा पहुंचने का कार्यक्रम है। श्री ओराम आदिवासी जनजातीय गौरव सम्मेलन में भाग लेंगे। वे जय मिनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले समारोह में भी शामिल होंगे। इस दौरान वे कई अन्य कार्यक्रमों में भी शिरकत करेंगे।

000